भारत की राष्ट्रपति

श्रीमती द्रौपदी मुर्मु

का

हैदराबाद पब्लिक स्कूल के centennial celebration के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम मेंसम्बोधन

बेगमपेट: 19 दिसंबर 2023

आज Hyderabad Public School के शताब्दी समारोह में भाग लेकर मुझे हार्दिक प्रसन्नता हो रही है। अपनी 100 वर्षों की यात्रा में विद्यार्थियों को उत्तम शिक्षा प्रदान करने के लिए तथा उन्हें देश और समाज के विकास में योगदान देने में सक्षम बनाने के लिए, मैं स्कूल की पूरी टीम को बधाई देती हूँ। मुझे बताया गया है कि Microsoft के CEO Satya Nadella, Adobe के CEO Shantanu Narayan, Padma Bhushan Dr D Nageshwara Reddy जैसे अनेक प्रतिष्ठित लोग इस school के alumni हैं। मैं देख सकती हूँ कि उनमें से कुछ alumni आज यहाँ उपस्थित हैं। आप की उपस्थिति से निश्चित ही इस स्कूल के विद्यार्थियों को अधिक परिश्रम करने और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

किसी भी संस्थान के लिए शताब्दी समारोह अत्यंत ऐतिहासिक अवसर होता है। इतने लंबे सफर में एक संस्थान अनेक चुनौतियों और उतार-चढ़ाव से गुजरता है जो उस संस्थान को और बेहतर बनाने में उपयोगी भूमिका निभाते हैं। इन्हीं अनुभवों के बल पर हैदराबाद पब्लिक स्कूल जैसे संस्थान विद्यार्थियों पर ऐसा प्रभाव डालते हैं जो उन्हें जीवन के विभिन्न पड़ावों पर आगे बढ़ने और निर्णय लेने में मदद करते हैं। यह प्रसन्नता की बात है कि हैदराबाद पब्लिक स्कूल में academic achievements के अलावा चरित्र

निर्माण पर भी जोर दिया जाता है। इस संस्थान ने अपने विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित किया है, जिससे हमारे देश को सम्मान और गौरव भी प्राप्त हुआ है। मुझे आपके संग्रहालय का दौरा करके खुशी हुई है जो आपके प्रसिद्ध संस्थान और उसके विद्यार्थियों की उपलब्धियों को दर्शाता है।

देवियो और सज्जनो

मुझे बताया गया है कि यह स्कूल विद्यार्थियों की sports और academic गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करने के साथ-साथ innovation और critical thinking को बढ़ावा देने पर भी जोर देता है। इससे विद्यार्थियों के जीवन की नींव मजबूत होती है।

मैं समावेश और विविधता को बढ़ावा देने की दूरदर्शी सोच के लिए हैदराबाद पब्लिक स्कूल की सराहना करती हूं। इस स्कूल ने ऐसा वातावरण तैयार किया है जहां अलग-अलग पृष्ठभूमि के विद्यार्थी मिलकर रहते हैं, विद्या ग्रहण करते हैं और एक दूसरे से सीखते हैं।

देवियो और सज्जनो,

मैं यह कहना चाहूँगी कि भविष्य के लिए पाठ्यक्रम तैयार करते वक्त सभी stakeholders को विद्यार्थियों के overall development को ध्यान में रखना चाहिए। यह सुनिश्चित करना चाहिए कि विद्यार्थी न केवल academic knowledge प्राप्त करें बल्कि life skills भी सीखें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भी इस उद्देश्य को ध्यान में रखकर बनाई गई है। आने वाले समय में हर क्षेत्र में ऐसे लोगों की demand होगी जो technically skilled होने के साथ-साथ emotionally stable भी हों और हर situation, हर crisis का सामना कर सकें। इसके साथ ही यह भी आवश्यक है कि विद्यार्थी अपने environment और आस-पास के अन्य जरूरतमन्द लोगों के

प्रति संवेदनशील हों और केवल अपनी ही नहीं, बल्कि दूसरों की प्रगति के लिए भी कार्य करें।

मैं सभी बच्चों से भी यह कहना चाहती हूँ कि जीवन में कोई न कोई passion अवश्य होना चाहिए। अभी के लिए वह आपकी hobby भी हो सकती है। कोई भी ऐसा कार्य जिसे करके आपको खुशी और संतोष मिले वह कार्य आपको अवश्य करना चाहिए। उस कार्य को करने से जो positive energy आपको मिलती है, वह आपके अन्य कार्यों को करने की क्षमता को भी बढ़ाएगी।

अंत में, मैं अपने स्थापना के 100 वर्ष पूरे करने के इस महत्वपूर्ण अवसर पर हैदराबाद पब्लिक स्कूल को फिर से बधाई देती हूं। मेरी मंगलकामना है कि यह संस्थान सदा ऐसे ही विद्यार्थियों को उत्तम शिक्षा प्रदान करता रहे और उन्हें सशक्त बनाने के सफल प्रयास करता रहे।

धन्यवाद!

जय हिन्द!

जय भारत!